समाचार

वायु गुणवत्ता सुधार की महती आवश्यकता को पूरी गंभीरता से लें सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठान– आयुक्त

(एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सेल की बैठक में आयुक्त ने की वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यो की समीक्षा, भावी कार्य योजना पर किया मंथन)

कोरबा 07 नवम्बर 2022 – एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सेल के अध्यक्ष एवं निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने सभी औद्योगिक व सार्वजनिक प्रतिष्ठानों तथा संबंधित शासकीय विभागों से कहा है कि वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में वे पूरी गंभीरता से कार्य करें तथा नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत शासन द्वारा निर्धारित मानदण्डों व दिशा निर्देशों का अक्षरशःपालन सुनिश्चित कराएं। उन्होने निर्देश देते हुएकहा कि जिन मार्गो से कोयला व राखड़ का परिवहन हो रहा है, उन मार्गो में संबंधित प्रतिष्ठान निरंतर जल का छिड़काव कराना सुनिश्चित करें, सड़कों की मरम्मत व संधारण के कार्य कराएं तथा अपने–अपने क्षेत्रों की सफाई व्यवस्था को दुरूस्त करें।

आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने आज नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सेल की बैठक ली। यहॉ उल्लेखनीय है कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम की मानीटरिंग हेतु आयुक्त नगर निगम कोरबा की अध्यक्षता में कोरबा नगर अरबन अग्लोमरेशन में एयर क्वालिटी मैनेजमेंट सेल का गठन शासन के दिशा निर्देशों के अनुरूप किया गया है, आज उक्त सेल की बैठक में सेल के अध्यक्ष एवं निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने वायु गुणवत्ता सुधार की दिशा में किए जा रहे कार्यो की बिन्दुवार समीक्षा की तथा भावी कार्ययोजना पर विस्तार से विचार विर्मश किया। बैठक के दौरान ठोस अपशिष्ट प्रबंधन व सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध, वृक्षारोपण कार्य, सड़कों, मुख्य मार्गो की वर्तमान स्थिति एवं वहॉ के पाटहॉल्स की मरम्मत व उन्नयन, मुख्य मार्गो के चौक–चौराहों का सौदंर्यीकरण व वायु गुणवत्ता हेतु फाउण्टेन स्थापना संबंधी कार्यो की समीक्षा की। उन्होने क्षेत्रीय पर्यावरण विभाग द्वारा विभिन्न स्थलों में लगाए गए एयर क्वालिटी मानीटरिंग स्टेशन तथा इस दिशा में कोरबा स्थित विभिन्न औद्योगिक ईकाईयों द्वारा स्थापित मशीनों आदि की जानकारी लेते हुए पर्यावरण विभाग के अधिकारियों से कहा कि वे सर्वेक्षण कर यह प्रमाणित करें कि सभी मशीनें चालू हालत में है। उन्होने कहा कि यदि और

मशीनों की जरूरत हो तो इसका प्रस्ताव तैयार कर प्रस्तुत करें। वायु गुणवत्ता स्तर की मानीटरिंग 24 घंटे की जाए, उन्होने एयर पॉल्यूशन पैदा करने वाले कारणों तथा इन पर किए जाने वाले सुधारात्मक कार्यो व प्राप्त परिणामों पर भी विस्तार से चर्चा की तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

कोयला, राखड़ परिवहन वाहन अनिवार्यतः कव्हर हों – आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय ने विभिन्न सार्वजनिक व औद्योगिक प्रतिष्ठानों से कहा कि कोयला व राखड़ का परिवहन करने वाले वाहनों को पूर्ण रूप से कव्हर कर ही परिवहन का कार्य किया जाए, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित कराएं। संबंधित प्रतिष्ठान सड़कों, मार्गो में पर्याप्त जल का छिड़काव करें, ताकि एयर पॉल्यूशन नियंत्रित हो सके।

ठोस अपिशष्ट प्रबंधन पर प्रभावी कार्यवाही – आयुक्त श्री पाण्डेय ने एस.ई.सी.एल. एवं विद्युत उत्पादन कम्पनी के आवासीय क्षेत्रों की निराशाजनक सफाई व्यवस्था पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि संबंधित प्रतिष्ठान अपनी आवासीय कालोनियों में शतप्रतिशत डोर–टू–डोर अपशिष्ट का संग्रहण सुनिश्चित कराएं, संग्रहित अपशिष्ट को एस.एल.आर.एम.सेंटरों में लाकर कचरे का उचित प्रबंधन किया जाए, साफ–सफाई व्यवस्था दुरूस्त हों तथा सफाई कार्यो पर विशेष फोकस रखा जाए, यह सुनिश्चित कराएं।

अनुपस्थित प्रतिष्ठानों को नोटिस – बैठक में एस.ई.सी.एल.कोरबा एवं एस.ई.सी.एल. कुसमुण्डा के साथ–साथ बालको प्रबंधन के अधिकारी अनुपस्थित थे, उनकी अनुपस्थिति को गंभीरता से लेते हुए आयुक्त श्री पाण्डेय ने संबंधित प्रतिष्ठानों को नोटिस जारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए तथा कहा कि आगामी बैठक में सभी संबंधित प्रतिष्ठानों व विभागों की उपस्थिति रहे, यह सुनिश्चित किया जाए।

बैठक के दौरान निगम के अपर आयुक्त श्री खजांची कुम्हार, नगर पालिका दीपका के सी.एम.ओ.भोला सिंह ठाकुर, कटघोरा सी.एम.ओ.ज्ञानपुंज कुलमित्र, पाली सी.एम.ओ. पूणेन्द्र तिवारी, छुरी सी.एम.ओ.व्ही.जे. करूणाकर, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.के.माहेश्वरी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी, विद्युत उत्पादन कम्पनी कोरबा पूर्व एवं पश्चिम के अधिकारीगण, ए.के.वर्मा, जे.आर.वर्मा, गोबर्धन सिदार, विकास उईके, पर्यावरण संरक्षण मण्डल के कैमिस्ट बी.पी.मिश्रा, सहायक अभियंता राहुल मिश्रा आदि के साथ अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।